तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026



4 अंतिम छोर मुकड़ेगा तक पहुंचा प्रशासन शिविर में सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित






## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका के लिए 30 मार्च तक आवेदन

**रायगढ़।** ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र महापल्ली क्रमांक 2 ग्राम पंचायत महापल्ली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु 16 से 30 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस संबंध में इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### नेशनल लोक अदालत कल

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में वर्ष 2026 का पहला नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग समस्त बैंको आदि से संपर्क कर सकते हैं।

## जिले में बनाए गए दो केंद्र, दोनों सेंटर में पहुंचा 107 बोरी

# पहुंच गई बोर्ड की अमूल्यांकित कॉपियां कलर देखकर होती है बंडल की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोर्ड की कॉपियों की जांच 16 मार्च से चालू होगी। इसके लिए गुरुवार को जिले के दो वेल्यूशन सेंटरों में अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं भेज माशिमं की ओर से भेज दी गई है। पहले चरण में दोनों सेंटर में 107 बोरी कॉपियां पहुंची है। तीन दिनों में इसका मिलान करना होगा। खास बात यह है कि जो बोरियां भेजी जाती है उसमें 10-12 वीं दोनों कक्षा की कॉपी होती है। इसे कलर के हिसाब से पहचान की जाती है। दो कलर का बंडल होता है। दोनों का रंग अलग- अलग होता है। इसी से पहचान होती है।

नटवर स्कूल और पुत्री शाला को माशिमं की ओर से जांच सेंटर बनाया गया है। इसके पहले करीब चार साल नटवर के बजाए जूटमिल को सेंटर बनाया गया था। चार साल बाद दोबारा नटवर स्कूल को फिर से जांच केंद्र बनाया गया है। नटवर स्कूल में 54 बोरी कॉपी आई है। इसमें 10 वीं के 36 बोरे तो 12 वीं का 18 बोरी कॉपी है। वहीं पुत्री शाला में 53 बोरी कॉपी भेजी गई है। इन बंडलों में कॉपियों की संख्या कितनी है एक-एक बंडल खुलने के बाद ही पता चल सकता है। अभी दोनों स्कूलों के स्ट्रांग रुम में ऐसे ही डंप कर दिया गया है।



**तीन दिन में करना होगा मिलान 16 से चालू होगी जांच**

### एक चार के जवानों के साथ पहुंची कॉपी

माशिमं की ओर से जिस वाहन में कॉपियां भेजी गई है वह एक चार के सुरक्षा जवानों के साथ पहुंची है। इसमें दो अधिकारी भी होते हैं जो उनके साथ आते हैं। माशिमं की ओर से पूरी डिटेल भेजी जाती है। उसे सेंटरों में हैंण्डओवर किया जाता है। एक-एक बोरी गिनती के बाद उनको पावती दी जाती है। उसे माशिमं में जमा करना होता है।

### पहली बार आई दो गाड़ियों में

अब तक एक ही गाड़ी में दोनों सेंटर के लिए कॉपियां भेजी जाती थी। एक जांच केंद्र में उतारने के बाद दूसरें सेंटर में अनलोड किया जाता था, लेंकिन पहली बार दोनों सेंटर के लिए दो गाड़ियां भेजी गई है। याने डबल खर्च किया गया है। पहले एक ही गाड़ी में भेजी जाती थी तो एक गाड़ी का खर्च बच जाता था।

## केलो नदी के पचधारी डेम में डूबा युवक, गई जान

**रायगढ़।** गर्मी लगते ही पचधारी डेम ने एक की जान ले ली है। यह डेम अभिशप्त हो चुका है। यहां हर साल इस तरह की घटनाएं घटित होती है, लेकिन लोग हैं कि मानते ही नहीं। गुरुवार को भी पचधारी डेम में दोस्तों के साथ नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। होमगार्ड की टीम ने काफी मशक्क़त के बाद पानी से शव को बरामद किया। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ढीमरापुर स्थित गोविन्द बगीचा कालोनी निवासी अरुण गुरु का 21 वर्षीय पुत्र सारस्वत गुरु अपने दोस्तों के साथ केलो नदी के पचधारी डेम में नहाने गया था । नहाने के दौरान पानी में छलांग लगाते ही वह डूब गया। इस बात से घबराए उसके दोस्तों ने तत्काल युवक के परिजनों को सूचना दी। वहीं नदी में युवक के डूबने की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पंहुची तथा युवक की खोजबीन के लिए होमगार्ड के जवानो को लगाया। तकरीबन दो घंटे की मशक्क़त के बाद डेम से सारस्वत का शव बरामद हुआ।






## करंट से हुई थी दो हाथी शावकों की मौत, दो गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बुधवार को घरघोड़ा वन मंडल के कुरकुट नदी में दो हाथी शावकों का शव मिला था। दोनों शावकों की मौत करंट से होने का खुलासा हुआ है। आरोपी खेत में पानी के लिए तार बिछाए थे। उसमें करंट प्रवाहित होने की वजह से हाथियों की मौत हो गई।

दो आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार है। वन मंडल अधिकारी अरविन्द पीएम के दिशानिर्देश में उप वन मंडलाधिकारी आशुतोष मंडावा के मार्गदर्शन वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभारी विक्रांत सिंह के नेतृत्व में वन विभाग को दो शावक हाथी के मौत मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है वही एक अन्य फरार बताया जा रहा है आरोपी राम कुमार राठिया पिता मेहेत राम 55 निवासी पाकादरहा और धरम सिंह राठिया पिता फूल सिंह 38 निवासी पाकादरहा को अपराध सिद्ध होने पर हिरासत में लिया गया है। शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। घटना में प्रयुक्त सामग्री सोलर प्लेट तार बैटरी सहित अन्य सामग्री जब्त किया गया है। बुधवार को दो हाथी का शव मिला था उनकी हालत देखकर दो तीन दिन पुरानी लाश होने की बात कही जा रही है।







## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 10- 10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश अग्रवाल ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में बतौली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान यामाहा आर 15 मोटरसायकल क्रमांक सीजी 13 एएल 8931 के चालक बतौली निवासी 22 वर्षीय नकुल यादव आ. जगनारायण यादव व वाहन क्रमांक सीजी 15 डीसी 1488 के चालक बतौली खड़धोवा निवासी विनोद यादव आ. धनई यादव को रोककर उनकी जांच की। जांच के दौरान चालको का डॉक्टरी मुलाहिजा कराने पर चालक शराब के नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने दोनों के खिलाफ एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने दोनों प्रकरणों में चालकों पर 10- 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर, आरक्षक राजू कुजूर, जोगी बड़ा, राजेश खलखो सक्रिय रहे।

### अग्निवीर भर्तीः ऑनलाइन पंजीयन 1 अप्रैल तक

**अम्बिकापुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक किया जा सकेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। वेबसाइट पर अग्निपथ लिंक पर क्लिक कर नए उपयोगकर्ता के रूप में पंजीयन करने के बाद अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, संचार विवरण तथा अन्य आवश्यक जानकारी भरकर आवेदन पूर्ण कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा।
सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने पर सिस्टम द्वारा रोल नंबर जनरेट किया जाएगा। परीक्षा तिथि से लगभग 10-15 दिन पूर्व अभ्यर्थी वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोंदा के आंगनबाड़ी केन्द्र 03 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 24 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 24 मार्च तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।

### अलग अलग जगहों पर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। बताया जाता है कि आरोपियों ने तीन अलग अलग जगहों पर चोरी की थी। उनके कब्जे से 3 लाख 70 हजार का माल बरामद किया है।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की वारदातों की जांच में जुटी बलौदा पुलिस टीम ने आरोपी गणेश केवट उर्फ बुट्टी पिता सुखनंदन केवट उम्र 24 वर्ष निवासी औराभोई पारा हरदी महामाया, रोशन बरेठ पिता संतोष बरेठ उम्र 18 वर्ष निवासी हरदी महामाया थाना बलौदा एवं दिनेश बरेठ पिता राजकुमार बरेठ उम्र 20 वर्ष निवासी हरदी महामाया थाना बलौदा को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी दाऊ राम साहू पिता स्वी शिवदयाल उम्र 82 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 हरदी महामाया के घर 17 जनवरी को चोरी हुई थी। इसी प्रकार दो अन्य चोरी की वारदातें भी हुई थी।

## जिला पंचायत सीईओ ने कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली

# कृषि क्रांति एक्सपो की तैयारियों के लिए आपसी समन्वय और समयबद्ध तरीके से करें कार्यः अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि एवं उससे संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कृषि क्रांति एक्सपो एवं किसान मेला की तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सीईओ ने एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित किसानों के आईडी निर्माण एवं पंजीयन कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण करें। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित पंजीयन को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अपने खेतों में 5 प्रतिशत जल संचय मॉडल (फार्म पॉण्ड) विकसित करने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि हो। कृषि क्रांति एक्सपो एवं किसान मेला के सफल आयोजन हेतु दिए दिशा-निर्देश- बैठक में सीईओ अभिषेक कुमार ने आगामी कृषि क्रांति एक्सपो एवं किसान मेला के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस आयोजन का ग्राम स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने, किसान प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन पत्र भरवाने, फसलवार कृषि क्लस्टर का गठन करने, लीडर किसानों का चयन करने तथा क्रेता कंपनियों के लिए फील्ड विजिट की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्सपो की सभी तैयारियां आपसी समन्वय और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं तथा अधिक से अधिक किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ते हुए उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों और बाजार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाए।

### प्रगतिशील किसानों ने साझा किए अनुभव

बैठक में उपस्थित प्रगतिशील किसानों ने खेती, विपणन एवं आय से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। वरिष्ठ किसान श्री गर्ग ने स्ट्रॉबेरी उत्पादन में आने वाली चुनौतियों के साथ ही पंजाब ब्यूटी नाशपाती और पीच (सतालू) की खेती की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं गेंदा फूल उत्पादक किसान श्री मोती बंजारा ने बताया कि गेंदा फूल को हार्वेस्ट के बाद लगभग 25 दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इसी प्रकार मत्स्य किसान बसंत ने बताया कि वे 4.5 एकड़ क्षेत्र में पॉण्ड टैंक के माध्यम से मत्स्य पालन कर प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख रुपये तक की आय प्राप्त कर रहे हैं। इस पर सीईओ अभिषेक कुमार ने जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य पालक किसानों के समूह गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक कृषि एमआर भगत, सहायक संचालक कृषि सुश्री योग्यता सिंह सहित जिले के सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## आम में मैंगो हॉपर का प्रकोप और नियंत्रण के उपाय



**जशपुरनगर।** मैंगो हॉपर आम के पेड़ों में लगने वाला एक प्रमुख कीट है। यह खासकर फूल आने के समय-मंजर आने पर ज्यादा नुकसान करता है। यह कीट पत्तियों और मंजरियों का रस चूसता है जिससे फल बनने की क्षमता कम हो जाती है। उद्यान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंजरियों और नई पत्तियों पर छोटे-छोटे हरे व भूरे कीट दिखाई देते हैं यही इसकी पहचान होती है। पत्तियां और मंजरियां चिपचिपी हो जाती हैं। उस पर काली फफूंदी जम जाती है। फूल झड़ जाते हैं और फल कम बनते हैं। इसके प्रभावी समाधान के लिये कृषकों सुबह या शाम के समय एजाडिरेक्टिन 10000 पीपीएम में 01 एमएल प्रति लीटर पानी में मिलाकर स्प्रे करना चाहिए। नीम तेल का 0.5 से 1 प्रतिशत 05 से 10 एमएल लीटर पानी के साथ छिड़काव करना चाहिए। यदि प्रकोप ज्यादा हो तो इनमें से किसी एक दवा का छिड़काव करें कीटनाशक का नाम मात्रा छिड़काव किया जा सकता है। इनमें प्रति लीटर पानी के साथ इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मिली प्रति लीटर पानी थियामेथोक्सम 0.4 ग्राम प्रति लीटर पानी लैम्ब्डा-साइहेलोथिन 1.0 मिली प्रति लीटर पानी 10-15 दिन के अन्तराल में 2-3 बार छिड़काव करने से अच्छा नियंत्रण मिलता है। इसके साथ ही पेडों की घनी टहनियों को काटें ताकि धूप और हवा अंदर तक जा सके, जिससे हॉपर का पनपना कम हो, बाग की नियमित सफाई करें।

## पाकरगांव में विष्णु नाम यज्ञ, शामिल हो रहे श्रद्धालु



**पत्थलगांव।** ग्राम पाकरगांव में अखंड सोलह प्रहरी विष्णु नाम यज्ञ का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। सोमवार को सुबह कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 2 सौ महिलाओं ने भाग लिया। 48 घण्टे चलने वाले अखंड विष्णु नाम यज्ञ में आसपास के गांव गांव से अनेक कीर्तन मंडली शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के लिए पूरे यज्ञ प्रांगण को सजाया गया है। भक्तों एवं कीर्तन मंडली के भोजन का इंतजाम पाकरगांव रघुनाथपुर तुरवा आमा की समिति ने किया है।

ग्राम पाकरगांव में विगत चार दशकों से बड़े धूमधाम के साथ अखंड विष्णु नाम यज्ञ का आयोजन किया जाता रहा है। सुबह से शाम रात तक लगातार ग्राम वासियों के साथ ही आसपास के गांव से इस अखंड विष्णु नाम यज्ञ सोलह प्रहरी में शामिल होने पहुच रहे हैं। पूजन और अखंड कीर्तन में भक्तों का उत्साह देखते बनता है। हर एक व्यक्ति अपने-अपने मन में प्रार्थना लेकर भगवान श्री हरि के श्री चरणों में समर्पित भाव से पूजा कर रहे हैं। महिलाएं हाथ में आरती की थाल लिए यज्ञ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। महायज्ञ में आई कीर्तन मंडली के लोग भक्ति के रस में भाव बिहोर होकर हरि कृतन करते में देखे जाते हैं। जिस तरह से यज्ञ स्थल में भक्तों की भीड़ है उससे ये समझना आसान होगा कि हरि के नाम की महत्ता कितनी बड़ी है। इस पूरे भक्ति मय कार्यक्रम में ग्राम पाकरगांव, रघुनाथपुर, तुरवाआमा के लोगों मुख्य सहयोग है। समिति के सदस्यों ने बताया कि ये महायज्ञ सोमवार सुबह को शुरू हुआ था जिसका समापन गुरुवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी गांव वालों के साथ अन्य आसपास गांव के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दूर दूर से अनेक कीर्तन मंडली ने आकर इस महायज्ञ में बारी बारी से कीर्तन करते रहे। इस कार्यक्रम में गणेश चन्द्र बेहरा, यदु चन्द्र बेहरा, पूर्णो चंद बेहरा, धनेश्वर बेहरा, हेमंत यादव, चूड़ामणि यादव, प्रेम चंद यादव, बीरेंद्र बेहरा, फुलेश्वर बेहरा, सागर यादव, धनवंत यादव, चंद्रशेखर बारीक, नरेंद्र यादव, हेमारू यादव, बिहारी यादव, प्रभा बेहरा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने प्रतिष्ठानों में दबिश

**जांजगीर-चांपा।** घरेलु गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग की टीम द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी गई। इस दौरान गैस चूल्हा व रेगुलेटर को जब्त किया गया। ज्ञात हो कि घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति निर्बाध सुनिश्चित करने एवं घरेलू गैस सिलेंडर के कालाबाजारी की रोकथाम करने हेतु खाद्य विभाग की टीम द्वारा जिला जांजगीर चांपा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं होटलों में छापामार कार्यवाही की गई। चांपा स्थित करणी भोजनालय, पंजाब हवेली रेस्टोरेंट,जलाराम भोजनालय, होटल सुमित इन की जांच की गई, जहां व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग पाया गया, जबकि इसी तारतम्य में नगर पालिका चांपा के स्टेशन रोड स्थित होटल श्री गणेश में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर ग्राहकों के लिए भोजन पकाया जा रहा था। घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने फलस्वरूप होटल के प्रोपराइटर राजेश तिवारी के कब्जे से दो नग घरेलू गैस सिलेंडर, एक नग प्रेशर रेगुलेटर, एक नग गैस पाइप एवं एक नग गैस चूल्हा जब्त किया गया।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से बेबी गुप्ता के जीवन में आया साकारात्मक परिवर्तन



**जशपुरनगर।** "बिहान" छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीब महिलाओं को स्व सहायता समूह के रूप में संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करके स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होते हुए अपने सपने के पंख का स्वरूप देकर नई उड़ान की ओर तैयार हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप तीनों स्तर की पंचायत एवं एनआरएलएम की टीम के द्वारा महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 2006 में बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट मॉडल की शुरूआत की गई। इस व्यवस्था के माध्यम से बैंक द्वारा बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं की पहुंच ग्राम स्तर तक सुनिश्चित की गई। बैंको द्वारा बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट की सेवाएं लिये जाने का प्रावधान किया गया। इसके उपरांत बैंकिंग सेवाओं की घर पहुंच सुविधा उपलब्ध कराने के लक्ष्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बैंकों द्वारा स्थापित किये जाने वाले बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट का चयन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्व-सहायता समूह के सदस्यों में से किया जाए। छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को भुगतान में होने वाली समस्याओं के निराकरण करने एवं बैंकिग प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाये जाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा बीसी सखी मॉडल का गठन किया। जनपद पंचायत मनोरा के ग्रामीण अंचल की महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर समाजिक व आर्थिक उत्थान का मिशाल कायम कर रही है। कुछ ऐसी ही कहानी है, ग्राम पंचायत सोनक्यारी के आदर्श स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती बेबी गुप्ता जो कि बीसी सखी के रूप में कार्य कर आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक सुधार का कार्य करते हुए आत्मनिर्भर बन रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के पहल से स्थाई साकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। विकासखण्ड मनोरा के ग्राम पंचायत सोनक्यारी की रहने वाली बेबी गुप्ता ने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर वर्ष 2020-21 में 'बीसी सखी का पद प्राप्त किया। बीसी सखी कार्य करने में कठिनाई का सामना करते हुए भी बेबी गुप्ता बैंकिंग ट्रांजेक्शन का कार्य करने लगी। बेबी गुप्ता प्रत्येक माह बीसी सखी के रूप में कार्य करते हुये 28 लाख से 35 लाख तक ट्रांजेक्शन करती है।

## गर्मी आते ही बाजार में बढ़ी तरबूज की मांग, बाजार में चढ़ा तरबूज



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले से सटे राज्य उड़ीसा के देवगढ़ में उत्पादित होने वाले तरबूज़ की पहुंच जशपुर ज़िले में हो रही है। इस तरबूज़ का स्वाद जशपुरवासी मज़े से ले रहे है। तरबूज़ व्यापारी शंकर गुप्ता बताते है कि ओडिशा के देवगढ़ में होने वाला तरबूज़ काफ़ी स्वादिष्ट एवं मीठा होता है। यहां पर तरबूज़ तीस रुपये प्रति किलो के भाव से बेचा जा रहा है। गुप्ता बताते है कि देवगढ़ से तरबूज़ लाने में परिवहन खर्च ज़्यादा आ जाता है जिसके कारण उन्हें महंगा बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। वे बताते है कि पूरे ज़िले में ओड़िसा से ही तरबूज़ की आपूर्ति हो रही है। पूर्व में छत्तीसगढ़ के महानदी के तट के क्षेत्र से तरबूज़ की आपूर्ति होती थी पर यहां से परिवहन व्यय और ज़्यादा होता था। उन्होंने बताया कि तरबूज की बिक्री जून माह तक चलेगी। प्रति सप्ताह लगभग एक ट्रक तरबूज की बिक्री हो जाती है।

## 130 दिव्यांगजनों का पंजीयन, 20 हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाए गए तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए।

शिविर के दौरान दिव्यांगजनों से पेंशन योजनाओं, सहायक उपकरण, बस पास, ऋण सुविधा तथा दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं के लिए आवेदन लिए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्रीमती पिंकी गुप्ता जनपद पंचायत सदस्य, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य दिनेश गुप्ता, उपसंचालक समाज कल्याण धर्मेन्द्र साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुलदुला पुष्कर पटले तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 20 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें हस्तचलित ट्रायसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वैशाखी एवं वॉकिंग स्टिक शामिल हैं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड भी प्रदान किए गए। शिविर में कुल 130 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। इनमें से 52 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाए गए, जबकि 16 प्रकरणों को जिला अस्पताल के लिए रिफर किया गया। इसके अलावा 5 दिव्यांगजनों ने ऋण योजना हेतु आवेदन किया, 1 आवेदन दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए प्राप्त हुआ, 10 आवेदन पेंशन हेतु प्राप्त हुए तथा 6 दिव्यांगजनों ने पेंशन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। शिविर में 20 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए तथा 1 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग निर्माण के लिए चिन्हांकित किया गया। समाज कल्याण विभाग ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## जशपुर जिले में होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) में किया जाएगा।

प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर जिला जशपुर (छग) माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में 14 मार्च 2026 को होने वाले आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय जशपुर एवं अधीनस्थ न्यायालयों के मध्य 12 मार्च 2026 को प्रातः 10.30 बजे जिला न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में फिजिकल व वर्चुअल माध्यम से बैठक संपन्न हुई। उक्त फिजिकल व वर्चुअल बैठक में माननीय संतोष कुमार तिवारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पत्थलगांव, माननीय भानू प्रताप सिंह त्यागी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, माननीय शैलेश अच्यूत पटवर्धन, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर, माननीय बलराम कुमार देवांगन, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, माननीय जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी) जशपुर, श्रीमती सरोजनी जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर, न्यायालय के अति. न्यायाधीश जशपुर, माननीय श्रीमती सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, कु श्वेता बघेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी कुनकुरी जिला जशपुर, क्रांति कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर कोटवार संघ की बैठक

**जशपुरनगर।** जशपुर में कोटवार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम कोटवारों के मानदेय एवं अन्य लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में ग्राम कोटवारों द्वारा मानदेय बढ़ाने तथा अधिकारों से संबंधित मुद्दों को लेकर दायर याचिका पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि ग्राम कोटवारों की ओर से मानदेय बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य की भाजपा सरकार को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देशित किया है कि ग्राम कोटवारों को दिए जा रहे वर्तमान मानदेय, जो कि काफी कम है, उसे बढ़ाने के संबंध में सकारात्मक निर्णय लिया जाए। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ग्राम कोटवार ग्रामीण प्रशासन की व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं, इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय बहुत कम है। ऐसे में हाईकोर्ट के निर्देशों से पटेलों में उम्मीद जगी है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित निर्णय लेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के कद्दावर नेता कृष्ण कुमार राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे कोटवार संघ के जिला अध्यक्ष घनसाराम, उपाध्यक्ष शिवकुमार तथा सचिव रैनू भगत सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर ग्राम पटेलों के अधिकारों और मानदेय वृद्धि की मांग को आगे भी मजबूती से उठाने का संकल्प लिया।

### शराब पीने से रोकने पर पुत्र ने मां पर किया जानलेवा हमला

**जांजगीर-चांपा।** शराब पीने से रोकने पर बेटे ने मां पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को सुबह आरोपी दयाशंकर कश्यप का अपनी मां से विवाद हो गया था। उसकी मां उसे बार-बार शराब पीने से मना करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिस पर गुस्से में आकर दयाशंकर कश्यप ने टांगी से अपनी मां के गले पर प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे काफी खून निकला, घटना की सूचना पर थाना नवागढ़ पुलिस ने के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। थाना नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दयाशंकर को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार, 2 फरार



**जांजगीर-चांपा।** सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से साढ़े 9 लाख से अधिक का माल बरामद किया है।

बुधवार 11 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का पर्दाफाश किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों सूने मकानों में हुई चोरी की वारदातों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में अफसरों की टीम जांच पडताल में जुटी हुई थी। अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खपर्डे के नेतृत्व में निरीक्षक जेपी गुप्ता एवं सायबर थाना प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक की सक्रियता से जांजगीर क्षेत्र में सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी राशि तथा चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। पकडे गए आरोपियों में जीत कुमार सूर्यवंशी उम्र 22 साल निवासी सुर्यवंशी मोहल्ला तोरवा बिलासपुर, गीता प्रसाद साहू उम्र 37 साल निवासी देवरीखुर्द बिलासपुर एवं खरीददार सूरज सोनी उम्र 34 साल निवासी गुड़ीपारा खरौद थाना शिवरीनारायण के साथ एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी फरार है। वह अपने साथियों के साथ जांजगीर क्षेत्र के सूने स्थानों और नहर किनारे स्थित मकानों की तलाश करता था। उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी समेत साढ़े 9 लाख का माल बरामद किया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित एक अन्य आरोपी फरार है।

पडोसी की बाइक मांगकर निकले चोरी करने -पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पडोसी की स्कूटी को बहाना बनाकर मांगा और वे चोरी के लिए निकले जांजगीर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद जेवरात को सूरज सोनी के पास बेच दिया।



# भूत बंगला का पोस्टर जारी अक्षय पेड़ से उल्टा लटके दिखे

**मुंबई।** अक्षय कुमार कीअपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर से ठीक पहले उन्होंने अपना एक पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में चमगादड़ों के बीच अक्षय पेड़ से उल्टा लटके नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जी जान लगाकर जुटे नजर आ रहे हैं। जल्द ही उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हालांकि, इस वक्त फैन्स को फिल्म के टीजर का इंतजार है, लेकिन इससे पहले अक्षय कुमार ने एक सरप्राइज अपने फैन्स को दिया है। अक्षय ने 'भूत बंगला' का पोस्टर जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए एक फनी कैप्शन भी दिया है।

लाइफ Style

# अदा
## बर्बाद हो गई है मेरी जिंदगी

'द केरल स्टोरी' फेम अदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। एक्ट्रेस ने बताया है कि वह एक साल तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थीं। लेकिन, फिर हालात कुछ ऐसे बने हैं कि उनके पास 1 महीने से कोई काम नहीं हैं। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इमोशनली, मेंटली, प्रोफेशनली, फाइनेंशियली बेकार।' साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा बीते 1 महीने से घर पर खाली बैठी हैं। उनके पास काम नहीं है। 33 साल की अदा ने वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। वह बताती हैं कि एक फिल्म के शेड्यूल में दिक्कतों की वजह से उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन में भी अटक गई है। इस कारण वह पिछले एक महीने से घर पर 'वेल्ली' बैठी हैं। एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में, एक प्रोड्यूसर के साथ अपने बुरे अनुभव का जिक्र किया है। बताया है कि वह बार-बार एक प्रोजेक्ट का शूटिंग शेड्यूल बदल देते थे। ऐसे में आखिरकार अदा के दूसरे प्रोजेक्ट्स के डेट्स भी आपस में क्लैश हो गए। साल 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदा शर्मा ने बताया कि एक ही समय में उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स के लिए कमिट किया था। हालांकि, पहली फिल्म का शेड्यूल बदलता रहा, जिससे उन दूसरे प्रोडक्शन्स की टाइमलाइन पर असर पड़ने लगा, जिन पर उन्हें काम करना था। पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने पहले से तय डेट्स को बनाए रखने पर जोर दिया और उनके मैनेजर पर किसी भी कीमत पर इसे पूरा करने का दबाव डाला।



हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक खोलेगी पॉपस्टार के जीवन के राज

**लॉस एंजिल्स।** 'किंग ऑफ पॉप' कहे जाने वाले माइकल जैक्सन की बॉयोपिक 'माइकल' जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इसके पहले मेकर्स ने इसके सिनेमाघरों में रिलीज के पहले स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। इस शो को बुधवार 22 अप्रैल को एक दिन के लिए रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में दिवंगत पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दिखाया जाएगा। माइकल के जन्म परिवार और फिर खुद को संगीत में खोजने के तरीकों के बारे में भी दर्शक काफी कुछ जान पाएंगें।




# खुलकर बताया जेल के अंदर का अनुभव

**लॉस एंजेलिस ।** पूर्व फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन दुष्कर्म के आरोपों के चलते जेल में बंद हैं। इस दौरान उन्होंने खुद पर जेल के अंदर हो रहे हमलों के बारे में बताया साथ ही घरवालों से बेहद कम संपर्क होने की बात की। फिलहाल हार्वी रिकर्स आइलैंड मे कैद हैं। 73 वर्षीय वेनस्टीन बलात्कार के आरोप में जेल में हैं। वह अब इस मामले में कोर्ट के पुनर्विचार की तैयारी में हैं। हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत के दौरान उन्होंने जेल में अपने दिनों के बारे में बताया। जिसमें उन्होंने कहा कि कारावास काफी असुरक्षित है यहां हद से ज्यादा एकांत है। वह सारा दिन कोठरी में बिताते हैं और अन्य कैदियों से काफी कम संपर्क रखते हैं। फिल्म निर्माता हार्वी वाइंस्टीन ने अपने इंटरव्यू में दावा किया। एक बार जेल में उनपर हमला भी हो चुका है।



# अदिवि-मृणाल की फिल्म की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** आगामी 19 मार्च को बॉक्स ऑफिस पर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' दस्तक देने वाली है। इसकी रिलीज से पहले कई फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट में बदलाव किए हैं। इसमें अब 'डकैत' का नाम भी जुड़ गया है। फिल्म 'धुरंधर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार आगामी 19 मार्च को पूरा हो रहा है। इसी दिन पहले अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' भी रिलीज होने वाली थी। मगर, अब ऐसा नहीं होगा। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की भिड़ंत नहीं होगी। 'डकैत' के मेकर्स ने रिलीज से हफ्तेभर पहले तारीख बदल दी है। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' के लिए दर्शकों को अभी और इंतजार करना होगा। इसकी रिलीज डेट अगले महीने यानी अप्रैल में खिसका दी गई है। यह फिल्म अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नीम करोली बाबा की भूमिका में दिखेंगे

**मुंबई।** भारत में धार्मिक मान्यताओं का अपना महत्व है। इन्हीं मान्यताओं के हिसाब से हनुमान जी के अवतार माने जानेवाले नीम करोली बाबा के भक्तों में देश और दुनिया भर के लोग शामिल हैं। कहा जाता है कि उनके भक्तों में स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोग शामिल हैं। अब नीम करोली बाबा पर एक फिल्म बनकर तैयार है। इस फिल्म में नीम करोली बाबा के रोल में मराठी एक्टर सुबोध भावे नजर आनेवाले हैं। पूजनीय आध्यात्मिक गुरू नीम करोली बाबा के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी चल रही है। फिल्म प्रड्यूसर शरद सिंह ठाकुर नीम करोली बाबा 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' की जीवनी पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए नीम करोली बाबा के परिवार से सहमति ले ली गई है और उनकी जिंदगी को लेकर काफी रिसर्च भी किया गया है।

टीवी मसाला



# बहन की मौत के बाद उसके बच्चों की मां बनी ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** 'हप्पू की उल्टन पलटन' में राजेश हप्पू सिंह का रोल प्ले करने वालीं गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की खातिर कभी शादी न करने का फैसला किया। बहन की मौत हुई तो उनके बच्चों की जिम्मेदारी गीतांजलि ने ली और मिसाल कायम की। पर कभी रिश्तेदारों ने उनका जीना दूभर कर दिया था। उनकी कहानी भावुक कर देगी। गीतांजलि मिश्रा....इन्हें आपने 'क्राइम पेट्रोल' से लेकर 'सावधान इंडिया', 'बालिका वधू' और अब 'हप्पू सिंह की उल्टन पलटन' जैसे टीवी सीरियलों में देखा होगा। 'हप्पू की उल्टन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा ने एक्ट्रेस कामना पाठक को रिप्लेस किया और राजेश सिंह का किरदार निभा रही हैं, जो इंस्पेक्टर हप्पू सिंह की पत्नी हैं। गीतांजलि मिश्रा भले ही राजेश सिंह का कॉमिक किरदार निभा रही हैं, पर उन्हें लोग उनके निभाए नेगेटिव किरदारों के लिए ही याद करते हैं। इस कारण उन्हें लोगों की भी खूब बातें और ताने सुनने पड़े। एक्ट्रेस आज भी सिंगल हैं? गीतांजलि मिश्रा 39 साल की हो चुकी हैं, पर उन्होंने बहन के बच्चों की खातिर अपना घर नहीं बसाया। बहन के गुजर जाने के बाद गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की मां बनकर एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसके बारे में जान हर कोई गर्व करेगा। गीतांजलि मिश्रा की जड़ें बनारस से जुड़ी हुई हैं। उनके मम्मी-पापा बनारस के रहने वाले हैं, पर वह खुद मुंबई में पैदा हुई थीं। हालांकि, पिता का कई साल पहले निधन हो गया, जिसके बाद मां ने उन्हें अकेले ही पाला। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 5 साल की थीं, तो तभी मां उन्हें लेकर मुंबई आ गईं। मुंबई में मां ने दूध और सब्जी बेचकर पैसे कमाए ताकि गुजारा हो सके। गीतांजलि की एक बहन भी थी, पर साल 2017 में उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## दीपिका के मन में बैठ गया है डर

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ को पिछले साल लिवर में कैंसर का पता चला था, जिसका उन्होंने इलाज करवाया था लेकिन ये बीमारी फिर उभर आई। जिसकी सर्जरी फरवरी महीने में हुई थी। उसके बारे में शोएब ने सारा अपडेट फैंस को दिया था। अब लेटेस्ट व्लॉग में उन्होंने और उनके पति शोएब इब्राहिम ने यूट्यूब चैनल पर डेली लाइफ रूटीन शेयर की। इस दौरान एक्ट्रेस भावुक हो गईं। क्योंकि उनका अगले हफ्ते ब्लड टेस्ट होना है। उन्होंने कहा कि उनके मन में एक डर बैठ गया है। दीपिका कक्कड़ ने अभिनय से दूरी बना ली है। वह अपनी हेल्थ के कारण परेशान रहती हैं। लेटेस्ट व्लॉग में शोबए ने बताया कि एक्ट्रेस को अपनी नई डाइट और रूटीन के कारण कुछ दिन अजीब लगे। उन्होने कहा, 'दीपिका की नई डाइट बनाई गई है। वह उसे फॉलो कर रही हैं। सुबह 7 बजे रोज उठती हैं और टहलने जाती हैं। इसके बाद शाम 7 बजे के बाद वह कुछ खा नहीं सकती हैं।'



# जुनैद और साई की मूवी एक दिन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जुनैद खान और साई पल्लवी स्टारर 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें दोनों की क्यूट और सुकून भरी लव स्टोरी देखने को मिल रही है। हफ्तों के बढ़ते इंतजार के बाद, आमिर खान प्रोडक्शंस ने आखिरकार फिल्म 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म थिएटर्स में 1 मई को रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत बहुत ही सुकून भरी और दिल को छू लेने वाली दुनिया से होती है, जो दर्शकों को एक जादुई और क्लासिक प्रेम कहानी की झलक देती है। ट्रेलर में जुनैद खान एक 'फॉर्च्यून बेल' (किस्मत की घंटी) के बारे में बताते दिख रहे हैं, जिसे बजाने पर सच्चे प्यार की मुराद पूरी होती है। जब वह यह बात कह रहे होते हैं, तब वह साई पल्लवी के किरदार 'मीरा' की तरफ देखते हैं और मन ही मन दुआ करते हैं कि काश वो उनकी हो जाए। वह कहते हैं कि वह चाहते हैं कि उनकी यह ख्वाहिश पूरी हो, भले ही सिर्फ एक दिन के लिए।



ट्रेलर में जुनैद और साई पल्लवी के बीच की प्यारी केमिस्ट्री देखने को मिलती है, जो एक इमोशनल और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी का इशारा दे रही है। दोनों किरदारों के बीच का अंतर साफ नजर आता है। जुनैद एक प्यारे और थोड़े झिझकने वाले लड़के के रूप में दिख रहे हैं, जो अपने रोल में मासूमियत और सादगी लेकर आए हैं, वहीं साई पल्लवी कॉन्फिडेंट और शांत नजर आ रही हैं। यह कॉन्ट्रास्ट उनकी केमिस्ट्री को और भी दिलचस्प और ऐसा बनाता है जिससे लोग खुद को जोड़ सकें, जिससे उनकी कहानी देखने में और भी मजेदार लगती है। फिल्म का टाइटल ट्रैक, जो कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था और जिसे अरिजीत सिंह के होमटाउन में शूट किया गया है, उसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला।

# धुरंधर 2 और उस्ताद भगत सिंह से पहले इन फिल्मों के बीच हो चुका है क्लैश...

**मुंबई।** 19 मार्च को 'धुरंधर 2' और 'उस्ताद भगत सिंह' के बीच बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर होने वाली है। इससे पहले भी बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हो चुके हैं। बॉक्स ऑफिस क्लैश का मुकाबले दिखाते हैं कि अच्छी कहानी, स्टार पावर और दर्शकों का प्यार दोनों ही फिल्मों को सफल बना सकता है

***गदर 2/ जेलर :*** सनी देओल की 'गदर 2' 11 अगस्त 2023 को रिलीज हुई थी। सनी की इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। एक दिन पहले 10 अगस्त को रजनीकांत की 'जेलर' रिलीज हुई थी, जो तमिलनाडु और विदेशों में बहुत सफल रही। दोनों फिल्में अलग-अलग जगहों में हिट हुईं और साथ-साथ अच्छा बिजनेस किया।



***डंकी/ सालार: भाग 1 :*** शाहरुख खान की फिल्म डंकी 21 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। वहीं साउथ स्टार प्रभास की एक्शन फिल्म सालार 22 दिसंबर को रिलीज हुई थी। 'सालार' ने बड़े स्क्रीन्स और दक्षिण में दबदबा बनाया, जबकि 'डंकी' शहरों के मल्टीप्लेक्स में अच्छी चली। दोनों में कड़ी टक्कर दिखाई दी।

***जीरो/ केजीएफ 1 :*** 21 दिसंबर 2018 को शाहरुख खान की 'जीरो' और यश की 'केजीएफः चैप्टर 1' आमने-सामने आईं। 'जीरो' उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, लेकिन 'केजीएफ' ने पूरे देश में जमकर कमाई की। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाई दी।

***वॉर 2/ कुली :*** पिछले साल 2025 में 14 अगस्त को ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' और रजनीकांत की 'कुली' रिलीज हुईं। 'वॉर 2' उम्मीद के मुताबिक नहीं चली, जबकि 'कुली' ने अच्छा बिजनेस किया। इन दोनों फिल्मों के मुकाबले में 'कुली' ने बाजी मारी।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी/ कांतारा चैप्टर 1 :*** पिछले साल 2 अक्टूबर को वरुण धवन-जान्हवी कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 आमने-सामने आईं। शहरी दर्शकों के लिए बॉलीवुड फिल्म की उम्मीद थी, लेकिन 'कांतारा' के सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।

## 98वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह 15 को, ऑस्कर में ऐसा रहा भारत का इतिहास

# अब तक इन कलाकारों ने अपने नाम की द गोल्डन बॉय ट्रॉफी

### भारत की किसी फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर

ऑस्कर अवॉर्ड को अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इन्हें साल 1927 में शुरू किया गया था, लेकिन पहला अवॉर्ड 1929 में आयोजित हुआ था। 98 साल के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका। साल 1957 में पहली बार भारत से महबूब खान की फिल्म 'मदर इंडिया'को ऑस्कर भेजा गया था। लेकिन, फिल्म सिर्फ एक वोट से हॉलीवुड फिल्म 'नाइट्स ऑफ कैबिरिया'से पीछे रह गई और अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसके बाद 1989 में 'सलाम बॉम्बे, 2003 में 'लगान' और 2004 में मराठी फिल्म 'श्वास'को फाइनल नॉमिनेशन मिला, लेकिन तीनों ही फिल्में अवॉर्ड नहीं जीत सकीं।

*नई दिल्ली। फिल्म जगत के सबसे प्रमुख ऑस्कर अवॉर्ड के 98वें संस्करण का आयोजन 15 मार्च को होगा। लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाले इस अवॉर्ड समारोह में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भी प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देखा जा सकेगा।*



### सिर्फ 9 भारतीयों को मिला ऑस्कर

भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से सिर्फ नौ भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉर्ड्स मिला है। इनमें भानू अथैया से लेकर, सत्यजीत रे, एआर रहमान, गुलजार, रेसुल पूकुट्टी, एमएम कीरवानी, चंद्रबोस, गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस के नाम शामिल हैं।

### प्रियंका बनेंगी प्रेजेंटर

भारतीय फैंस के लिए इस बार का ऑस्कर और भी खास है। इस बार ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इस समारोह में प्रेजेंटर के तौर पर नजर आएंगी। वह मंच पर विजेताओं को अवॉर्ड देती दिखाई देंगी। उनके साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और ऐन हैथवे जैसे बड़े हॉलीवुड सितारे भी मंच पर नजर आएंगे, जिससे इस साल का शो और भी ग्लैमरस होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### पंजीकृत युवाओं के लिए 16 को प्लेसमेंट कैंप

**रायगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 मार्च को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप प्रातः 10.30 बजे से आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा रिक्त पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कैंप में भाग लेने के लिए आवेदकों का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते हैं।

### मनपसार में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**सारंगढ़।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत मनपसार में 13 मार्च को किया जाएगा। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले और क्षेत्र के नागरिकों से शिविर में पहुंचकर अपनी मांग, सुझाव और समस्या प्रस्तुत करने की अपील की है। यह शिविर मनपसार के स्कूल परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

### जवाफूल की खेती से आत्मनिर्भर बनी शीला

**रायगढ़।** लैलूंगा विकासखंड के ग्राम करवाजोर की शीला पैकरा



पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर नवाचार अपनाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में मिसाल पेश कर रही हैं। उन्होंने अपने लगभग 3 एकड़ खेत में जवाफूल धान की खेती कर न केवल बेहतर उत्पादन प्राप्त किया, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाया है। शिला पैकरा ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने करीब 3 एकड़ क्षेत्र में जवाफूल धान की खेती की थी, जिससे लगभग 30 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में जवाफूल चावल की अच्छी मांग होने के कारण उन्हें इसका बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। वर्तमान में स्थानीय बाजार में जवाफूल चावल की कीमत करीब 150 रुपये प्रति किलो तक मिल रही है, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। जवाफूल धान अपनी विशेष सुगंध और स्वाद के लिए जाना जाता है, जिसके कारण इसकी बाजार में हमेशा अच्छी मांग रहती है। शिला पैकरा का कहना है कि यदि किसानों को उचित मार्गदर्शन और बाजार उपलब्ध हो, तो पारंपरिक धान की इस किस्म की खेती से अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है।

### पुत्र ने मां पर किया जानलेवा हमला

**जांजगीर-चांपा।** शराब पीने से रोकने पर बेटे ने मां पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को सुबह आरोपी दयाशंकर कश्यप का अपनी मां से विवाद हो गया था। उसकी मां उसे बार-बार शराब पीने से मना करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिस पर गुस्से में आकर दयाशंकर कश्यप ने टांगी से अपनी मां के गले पर प्राणघातक हमला कर दिया।

## निधन...

### जेठमति राठिया

**कुड़ेकेला।** ग्राम मुनुंद निवासी



कृषक भजन राम राठिया की माता श्रीमती जेठमति राठिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से परिवारजनों सहित पूरे ग्राम में गहरा शोक व्याप्त है उसकी अंतिम संस्कार समाज और रिश्तेदार भारी संख्या में उपस्थित थे। स्व. श्रीमती जेठमति राठिया अपने सरल स्वभाव, स्नेहमयी व्यक्तित्व एवं धार्मिक प्रवृत्ति के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से परिवार और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

### विभागों द्वारा योजनाओं की दी गई जानकारी, आवेदनों का मौके पर निराकरण

# अंतिम छोर मुकड़ेगा तक पहुंचा प्रशासन शिविर में सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा ब्लॉक के सुदूर वनांचल क्षेत्र मुकड़ेगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान कलेक्टर चतुर्वेदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले।

कलेक्टर ने कहा कि समाधान शिविरों की जानकारी कम से कम तीन दिन पहले ग्राम पंचायतों में व्यापक रूप से दी जाए। केवल जनपद की मुनादी पर निर्भर न रहकर जमीनी अमले का भी सहयोग लिया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंच सकें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जिन सेवाओं का निराकरण ऑनलाइन संभव है, उनके लिए इंटरनेट युक्त कंप्यूटर अथवा लैपटॉप की व्यवस्था की जाए। साथ ही शिविर स्थल पर छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों को औपचारिकता के रूप में न लिया जाए, बल्कि आमजन की समस्याओं के वास्तविक समाधान का माध्यम बनाया जाए। बता दे कि 13 मार्च को तहसील मुख्यालय तमनार में अगला जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है, जो सराहनीय कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि शिविरों में पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी आय के स्त्रोत बढ़ाएं।



स्टॉल का निरीक्षण करते कलेक्टर।

#### हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ मिलने पर जताई खुशी

शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। तोलमा के ईसाइया कुजूर ने बताया कि उन्हें शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब आवागमन में काफी सुविधा होगी और दैनिक कार्यों में आसानी होगी। बुध साय गोंड ने आवास योजना का लाभ मिलने पर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं सुशील टोप्पो और सुरेश लकड़ा ने बताया कि मछली पालन के लिए सामग्री मिलने से अब इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

#### हितग्राहियों को सामग्री एवं स्वीकृति पत्र का वितरण

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिबरा और सोनाजोरी को बाल विवाह मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, वहीं नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया तथा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट वितरित की गई। शिक्षा विभाग द्वारा 7 दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। मछली पालन विभाग ने 2 हितग्राहियों को मछली जाल तथा 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स वितरित किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 22 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता के बाद चाबी प्रदान की गई, जबकि 13 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए। श्रम विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को योजनांतर्गत चेक प्रदान किए गए तथा खाद्य विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल तथा 9 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

## 426 उद्योग पंजीकृत, केवल 12 ही करते हैं राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

जिले में 426 पंजीकृत उद्योगों में केवल 12 ही ऐसे उद्योग हैं जो सीएसआर की राशि जमा करते हैं, बाकी या तो केवल कागज दिखाते हैं या फिर अपने से खर्च करके हिसाब दे देते हैं। इस मुद्दे को विधानसभा में खरसिया विधायक उमेश पटेल ने उठाया तो एक बारगी सत्ता पक्ष भी निरुत्तर हो गया। विधायक उमेश पटेल ने एक प्रश्न के माध्यम से रायगढ़ जिला में उद्योगों का सीएसआर मद की राशि के बारे में उद्योग मंत्री से पूछा। रायगढ़ जिला में कितने उद्योग द्वारा कितना कितना सीएसआर राशि दिया जाता है और उक्त राशि को कहां कहां कितना कितना खर्च किया जाता है।



जिस पर उद्योग मंत्री द्वारा केवल 12 उद्योगों की राशि की जानकारी दी गई। जबकि रायगढ़ जिला में 426 उद्योग विभाग द्वारा पंजीकृत हैं। जिस पर विधायक पटेल ने प्रश्न उठाया कि पंजीकृत 426 उद्योगों में से केवल 12 उद्योग का सीएसआर राशि प्राप्त होता है बाकी उद्योगों का सीएसआर क्यों प्राप्त नही होता है जिस पर उद्योग मंत्री ने जानकारी लेकर बताने की बात कही। इसी तरह बालोद जिले में आयोजित स्काउट गाइड के रोवर रेंजर जंबूरी कार्यक्रम को लेकर विधानसभा में सवाल उठा। खरसिया विधायक उमेश पटेल ने स्कूल शिक्षा मंत्री से कार्यक्रम में हुए खर्च, टेंडर प्रक्रिया और अनियमितताओं को लेकर जानकारी मांगी। विधायक उमेश पटेल ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधायकों की समिति से जांच कराए जाने की माँग की। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। इससे पहले विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि टेंडर रद्द कर नया टेंडर क्यों जारी किया। इस पर मंत्री गजेंद्र यादव ने स्वीकार किया कि टेंडर बदला गया था। विधायक उमेश पटेल ने आगे पूछा कि स्काउट गाइड का अध्यक्ष कौन होता है। मंत्री ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री ही पदेन अध्यक्ष होता है। इस पर उमेश पटेल ने पूछा कि परिषद को भंग करने का अधिकार किसका है। एक सांसद कहते हैं कि मैं अध्यक्ष हुं स्कूल शिक्षा मंत्री कहते हैं कि मैं अध्यक्ष हूँ। विधायक उमेश पटेल ने कहा कि प्रथम टेंडर को निरस्त कर 24 दिसम्बर 25 को द्वितीय टेंडर जारी किया गया था और टेंडर की अंतिम तिथि 3 जनवरी थी। क्या इस प्रक्रिया के पहले काम शुरू हो गया था। किसी खास आदमी को काम देने के लिए टेंडर डाउन ग्रेड किया गया। इसमें भ्रष्टाचार हुआ है।

## रसोई गैस के दुरूपयोग और कालाबाजारी रोकने की गई जांच अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की दैनिक आवक एवं वितरण पर निगरानी रखने एवं व्यावसायिक उपयोग एवं अन्य दुरुपयोग रोकने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने जांच दल अधिकारी द्वारा जांच दल अधिकारी का गठन किया गया हैं। नामांकित अधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में प्रतिदिन सतत निगरानी रखेंगे। समय . समय पर व्यावसायिक दुकानों की जांच की जाएगी और जांच में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग या अन्य दुरुपयोग करते पाये जाने पर नियमानुसार संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सारंगढ़ तहसील में तहसीलदार एनके सिन्हा, कोसीर उप तहसील में तहसीलदार शनि कुमार पैकरा को नियुक्त किया गया है। इन दोनों क्षेत्रों के लिए सहायक खाद्य अधिकारी तरुण कुमार नायक, सरसीवा तहसीलदार आयुष तिवारी, बिलाईगढ़ क्षेत्र में तहसीलदार कमलेश सिदार, भटगांव क्षेत्र में तहसीलदार नीलिमा अग्रवाल, सरसीवा, भटगांव, बिलाईगढ़ क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य अधिकारी अमित कुमार शुक्ला, बरमकेला तहसीलदार पुष्पेन्द्र राज, सरिया तहसीलदार कोमल साहू इन दोनों क्षेत्रों के लिए सहायक खाद्य अधिकारी विद्यानंद पटेल को जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



#### होटल से 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

राजस्व, खाद्य विभाग एवं नगरपालिका के संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ तहसील कार्यालय के सामने स्थित फागू होटल में नास्ता आदि बनाने घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से व्यावसायिक दुरूपयोग करते हुए पाये जाने पर 04 नग घरेलू गैस सिलेंडर को होटल संचालक शिव पटेल से जब्त किया गया। जब्त की कार्यवाही से जिले के होटल व्यवसायियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

### आज जारी होगी पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किश्त

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े जिले के किसानों के लिए खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 मार्च को सायं 5 बजे गुवाहाटी से पीएम किसान योजना की 22वीं किश्त जारी की जाएगी। इस अवसर पर देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित की जाएगी। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत देश के लगभग 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 72843 पात्र किसानों को भी योजना का लाभ प्राप्त होगा तथा उनके बैंक खातों में 2000 की सम्मान राशि सीधे जमा की जाएगी।

## पांच दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा परिचय शिविर का आयोजन





**बरमकेला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट धर्मजयगढ़ में प्राचार्य एके पैंकरा के नेतृत्व में 09 से 13 मार्च तक आयोजित पाँच दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा परिचय शिविर का संचालन किया जा रहा है।

कार्यक्रम प्रभारी उत्तरा कुमार देवांगन एवं समन्वयक संतोष पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में संस्थान के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापक उत्साहपूर्वक भाग लेकर मूल्य आधारित शिक्षा के विभिन्न आयामों को समझ रहे हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य भावी शिक्षकों को केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों तथा सकारात्मक जीवन दृष्टि से जोड़ना है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। इसी सोच को साकार करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र अध्यापकों को बताया जा रहा है कि एक शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसारक नहीं होता, बल्कि वह समाज का मार्गदर्शक भी होता है। जब शिक्षक स्वयं नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाता है, तभी वह विद्यार्थियों में भी इन गुणों का संचार कर सकता है। शिविर के माध्यम से भावी शिक्षकों को यह समझाया जा रहा है कि शिक्षा और संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

## स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड में लगा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर

टेमटेमा। स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड टेमटेमा. परिसर में कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।




इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना था। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंडका के डॉ. भोलनाथ मेहर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिंजकोट की डॉ. रश्मि खुंटे ने उपस्थित कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक उपचार, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श प्रदान किए। कार्यक्रम में महेंद्र चौहान एमपीडब्ल्यू आयुष, श्रीमती पद्मा साहू, श्रीमती शशिकला पटेल एवं श्रीमती भोगमती पटेल भी शामिल रहे और उन्होंने शिविर के संचालन में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड के ओएचसी ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर स्टाफ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के दौरान 100 से अधिक कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा आयुर्वेदिक उपचार एवं परामर्श प्राप्त किया। कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य के प्रति एक उपयोगी और लाभकारी प्रयास बताया।

## कांग्रेस ने घेरा बीजेपी कार्यालय, सुरक्षा घेरा तोड़ा

**रायगढ़।** अफीम की खेती, बीजेपी नशे में डूबा रही है प्रदेश को, यह आरोप है कांग्रेस का। इसे लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने बीजेपी कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के सुरक्षा घेरा को भी तोड़ दिया। बेरिकेड में कांग्रेस कार्यकर्ता चढ़ गए, लेकिन पुलिस ने उन्हें किसी तरह कंट्रोल किया।

बेरिकेड के बाहर कांग्रेसी धरने पर बैठ गए। वहां जमकर नारेबाजी की। सबसे खास बात यह है कि कांग्रेस के महिला कार्यकर्ताओं ने खूब दम दिखाया। उनको महिला पुलिस भी नहीं रोक पा रही थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कांग्रेसियों ने रैली की शक्ल में बीजेपी दफ्तर घेरने निकले थे। हालांकि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस दोनों ओर सुरक्षा घेरा बनाया था। एसपी ऑफिस के पास और नटवर स्कूल के तिराहे पर। एसपी ऑफिस की ओर से कांग्रेसी पहुंच। यहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर धक्का- मुक्की हुई। कुछ लोग बेरिकेड में चढ़ गए, लेकिन पुलिस ने उनको पकड़ लिया।



## विधायक उत्तरी जांगड़े ने उठाया सारंगढ़ में फ्लाईऐश डंपिंग का मुद्दा, घिरी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कुटेला क्षेत्र के पुराने पत्थर खदानों में फ्लाईऐश की कथित अवैध डंपिंग को लेकर अब सियासी माहौल गरमा गया है। यह मामला छत्तीसगढ़ विधानसभा में उस समय प्रमुखता से उठाए जब सारंगढ़ की विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने सरकार से इस संबंध में जवाब मांगा।

विधायक उत्तरी जांगड़े ने विधानसभा में प्रश्न उठाते हुए पूछा कि सारंगढ़ के कुटेला क्षेत्र की पुरानी पत्थर खदानों में आखिर किसकी अनुमति से फ्लाई ऐश डंपिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि जल स्त्रोतों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले उद्योगों, ठेकेदारों तथा अनुमति देने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कुटेला क्षेत्र की पुरानी खदानों में फ्लाई ऐश डंपिंग के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। इसलिए इस संबंध में शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता। विधानसभा में सरकार के इस जवाब के बाद मामला और अधिक गंभीर हो गया है। यदि पर्यावरण विभाग द्वारा कोई अनुमति नहीं दी गई हैए तो क्षेत्र में फ्लाई ऐश डंपिंग कैसे हो रही है। इससे प्रशासनिक लापरवाही अथवा अवैध गतिविधियों की आशंका भी व्यक्त की जा रही है।



- विधायक के सवाल पर सरकार ने कहा किसी को नहीं दी गई अनुमति

स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाई ऐश डंपिंग से आसपास के जल स्त्रोतों, खेतों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर फ्लाई ऐश से उड़ने वाली धूल के कारण लोगों की आंखों, फेफड़ों और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि फ्लाई ऐश से भरे डंपरों के आवागमन के कारण कई जगह दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं सारंगढ़ के डिग्री कॉलेज के छात्र भी इस प्रदूषित वातावरण में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध डंपिंग में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद यह मामला केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि प्रशासनिक और राजनीतिक जवाबदेही का विषय भी बन गया है। आने वाले समय में इस मुद्दे पर सियासत और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## नारी सशक्तिकरण समारोह में 100 लोगों का होगा सम्मान





**कोसीर।** जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन मिनीमाता की जन्म जयंती के अवसर पर 13 मार्च को सारंगढ़ जिला के ग्राम परसाडीह बिलाईगढ़ में सम्मान समारोह रखा गया है। इस कार्यक्रम में सारंगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्र में सक्रिय कार्य कर रहे लोगों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें सारंगढ़ अंचल से सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हिरा देवी निराला, डॉ पुष्पा बरिहा, तुलसी लहरे, मधु वैष्णव, पितर लहरे, सरोजा लहरे, सुश्री करुणा मरावी, पितर बाई जांगड़े, साहित्यकार नीलम आदित्य, तीरथ राम चंद्रा, डॉ गौतम पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता सहदेव प्रसाद सुमन, शंभू राव, सनत चंद्रा, भैरव नाथ जाटवर, सक्रिय युवा प्रांजल निराला, फूलकुमार विश्वकर्मा, अभिषेक पटेल, वहीं अंचल के पत्रकार गोल्डी कुमार लहरे, विजय भारद्वाज, राजू दास महंत आदि नाम नामकित किया गया है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ महिमा हिन्दी मासिक पत्रिका एवं सुघर गांव अखबार के द्वारा रखा गया है। संपादक श्रवण घृतलहरे ने बताया कि यह आयोजन समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मान के लिए रखा गया है वही मिनीमाता का जन्म जयंती कार्यकम आयोजित होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त